**प्रशासन विभाग**

**इंटर ऑफिस मेमो**

| **प्रेषक :**<br>**महाप्रबंधक (प्रशासन), मुख्यालय** | **प्राप्तकर्ता :**<br>**सभी क्षेत्रीय प्रमुख/ एच एस एम आई/ मुख्यालय के सभी प्रोक्योरमेंट डिपार्टमेंट** |
|---|---|

**विषय: सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश, 2017**

यह 10 दिसंबर, 2018 को सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश, 2017 के संबंध में ओएम संख्या हडको/एचक्यू/पब्लिक.प्रोक्योरमेंट /2018 के अनुपालन हेतु संदर्भित है। सभी से अनुरोध है कि वे चालू वर्ष के दौरान की गई खरीद और उपरोक्त आदेश के अनुपालन का विवरण प्रस्तुत करें। तत्काल संदर्भ हेतु खरीद आदेश की मुख्य विशेषताओं को यहाँ दोहराया जाता है:

- नीति का उद्देश्य मेक इन इंडिया उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देना है।
- स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
- वस्तुओं में न्यूनतम स्थानीय सामग्री सामान्यतः लगभग 50% होगी।
- 10 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद के मामले में, लेखा परीक्षक को यह प्रमाणित करना होगा कि स्थानीय सामग्री का प्रतिशत कितना है।
- जहाँ तक संभव हो, सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जेम) का उपयोग किया जाएगा।
- उपरोक्त किसी भी बात के बावजूद, जहाँ खरीद का अनुमानित मूल्य 5 लाख रुपये से कम है, उसे इस आदेश से छूट दी गई है।

उपरोक्त आदेश के अनुपालन में हुई प्रगति की समीक्षा हेतु, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव 14.03.2019 को एक बैठक बुला रहे हैं। अतः, सभी से अनुरोध है कि वे आज ही शाम 4.00 बजे तक hudcoravi@gmail.com पर ईमेल द्वारा विवरण अवश्य प्रस्तुत करें।

**डॉ. डी रविशंकर**
**महाप्रबंधक (प्रशासन)**
**13.03.2019**

**कार्यकारी निदेशक (प्रशासन)**